नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 259 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, गुरुवार 28 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

भौतिकी व जंतु विज्ञान संकाय में सीट बढ़ाने की मांग



विधायक शैलेश पांडेय जनता के बीच बेचारा,लाचार बनने की कोशिश ...

पेज -4 पर

सोनिया गांधी से पूछताछ का विरोध

## रायपुर में डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा के पास कांग्रेसियों ने दिया धरना, गांधी की छांव में थे

रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय( श्वष्ठ) की पूछताछ का विरोध लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को रायपुर कलेक्ट्रेट के नजदीक डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा के पास धरना दिया। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस के लोग महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास सत्याग्रह पर बैठे थे।



रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे और रायपुर नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे की अगुवाई में दर्जनों कार्यकर्ता दोपहर में डॉ. आम्बेडकर प्रतिमा के पास इकट्?ठा हुए। डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद कार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान उन्होंने हाथ में तख्तियां ले रखी थीं, उसपर श्वष्ठ सरकार की पिट्?ठू है। केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग बंद करो और सत्यमेव जयते आदि लिखा हुआ था।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कुछ ऐसी ही नारेबाजी की। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार लगातार विपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा, देश में बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी से आम जनता परेशान है। ऐसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाकर विपक्ष के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने कहा, नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी को निर्वाचन आयोग में क्लीन चिट दे दी गई थी। अब उसे आठ साल बाद बिना तथ्य एवं बिना तर्क के परेशान करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार की सुनियोजित नीति है। वह विपक्ष के लोगों की आवाज बंद करना चाहती है। भाजपा पहले लोगों की सीडी चलाती थी अब ईडी चला रही है। प्रदर्शन में संजय पाठक, देव कुमार साहू, दीपा बग्गा, प्रशांत ठेंगड़ी, कामरान अंसारी, दिनेश ठाकुर, बंशी कन्नौजे आदि शामिल थे। युवा कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार शाम तेलीबांधा में प्रदर्शन किया था। दिल्ली पुलिस द्वारा राहुल गांधी को गिरफ्तार करने और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास वीबी के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाकर प्रदर्शन हुआ। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव लोकेश वशिष्ठ की अगुवाई में प्रदर्शनकारियों ने तेलीबांधा चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाया। मंगलवार को युवा कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने प्रवर्तन निदेशालय-श्वष्ठ के पुजारी पार्क स्थित कार्यालय के बोर्ड के पास भाजपा कार्यालय का बोर्ड लगा दिया।

## पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या

देर रात 12 नक्सली घर से उठाकर ले गए थे जंगल, फिर धारदार हथियार से रेता गला


सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में माओवादियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में एक ग्रामीण की हत्या कर दी है। बताया जा रहा है कि, देर रात करीब 10 से 12 की संख्या में पहुंचे माओवादियों ने वारदात को अंजाम दिया है।



पहले ग्रामीण को घर से उठाया, फिर कुछ दूरी पर लेकर गए। जहां धारदार हथियार से गला रेत कर उसे मार दिया गया है। फिलहाल मामले की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामला जिले के गादीरास थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, जिले के मारोकि गांव का रहने वाला देवा कई दिनों से नक्सलियों के निशाने पर था। वहीं मंगलवार की देर रात मलांगेर एरिया कमेटी के करीब 10 से 12 की संख्या में हथियारबंद माओवादी देवा के घर पहुंच गए। इनमें कुछ महिला माओवादी भी शामिल थी। 4 नक्सली देवा के घर घुसे। जिन्होंने उसे घर से उठा लिया, इसके बाद उसे जंगल की तरफ लेकर गए। जहां उसे धारदार हथियार से गला रेत कर मौत की सजा दे दी। वारदात को अंजाम देने के बाद माओवादियों ने शव को गांव के ही नजदीक फेंक दिया। जिसके बाद सभी जंगल की तरफ लौट गए। नक्सलियों के डर की वजह से ग्रामीणों ने हत्या की जानकारी पुलिस को नहीं दी थी। फिलहाल अंदरूनी और नक्सल प्रभावित इलाका कोने की वजह से ज्यादा जानकारी निकलकर सामने नहीं आ सकी है।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की दी बधाई और शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। हरेली की पूर्व संध्या पर आज यहां जारी अपने शुभकामना संदेश में श्री बघेल ने कहा है कि हरेली छत्तीसगढ़ के जन-जीवन में रचा-बसा खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्यौहार है। इसमें अच्छी फसल की कामना के साथ खेती-किसानी से जुड़े औजारों की पूजा की जाती है। इस दिन धरती माता की पूजा कर हम भरण पोषण के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

श्री बघेल ने कहा कि गांव-गांव में हरेली के पर्व को बड़े उत्साह और उमंग से मनाया जाता है। नागर, गैंती, कुदाली, फावड़ा समेत कृषि के काम आने वाले सभी तरह के औजारों की साफ-सफाई और पूजा की जाती है। पारंपरिक तरीके से लोग गेड़ी चढ़कर हरेली की खुशियां मनाते हैं। प्राचीन मान्यता के अनुसार सुरक्षा के लिए घरों के बाहर नीम की पत्तियां लगाई जाती हैं। छत्तीसगढ़ की इस गौरवशाली संस्कृति और परम्परा को सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने हरेली त्यौहार के दिन सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है।

बिलासपुर में कर्मचारी-टीचर्स की हड़ताल का असर-

## तहसील दफ्तर में भटक रहे लोग, अस्पताल में टीकाकरण ठप, मरीज भी परेशान

**बिलासपुर।** अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन और टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश व्यापी आंदोलन के चलते तहसील और राजस्व न्यायालयों के कर्मचारी हड़ताल पर है, जिसकी वजह से लोग भटक रहे हैं। वहीं, स्कूल में टीचरों और कर्मचारियों के नहीं पहुंचने की वजह से स्कूल भी बंद हैं। उप स्वास्थ्य केंद्रों में भी ताले लटक रहे हैं और टीकाकरण ठप हो गया है। मरीज भी इलाज के लिए भटक रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों और शिक्षकों के हड़ताल का जिले में व्यापाक असर दिख रहा है। अब जिले की स्वास्थ्य सुविधा पर भी आंदोलन का असर देखने को मिल रहा है।



बुधवार को को जिले के 198 उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका रहा। ऐसे में ग्रामीण इलाज के लिए भटकते हुए नजर आए। वही शून्य से पांच साल के बच्चों का नियमित टीकाकरण के साथ गर्भवतियों महिलाओं का टीकाकरण भी बंद रहा। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही है।

छत्तीसगढ़ में मंकीपॉक्स का संदिग्ध केस

## रायपुर में एक छात्र में दिखे लक्षण, मेकाहारा में भर्ती, हॉस्टल के साथी क्वारंटाइन में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मंकीपॉक्स महामारी का एक संदिग्ध केस मिला है। यह रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित जैतूसाव मठ की संस्कृत पाठशाला का एक 13 वर्षीय विद्यार्थी है। बच्चे के शरीर पर लाल दाने हैं। उसे बुखार भी है। मंकीपॉक्स के लक्षण देखकर उसे डॉ. भीमराव आम्बेडकर अस्पताल (मेकाहारा) के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती कर लिया गया है। मरीज के नमूने पुणे स्थित नेशनल वॉयरोलॉजी लैब को भेजे गए हैं। बताया जा रहा है कि मूल रूप से कांकेर का रहने वाला यह 13 वर्षीय छात्र जैतूसाव मठ के छात्रावास में रहता है। तीन दिन पहले उसके शरीर पर लाल दाने दिखाई दिए। सोमवार को उसे



बुखार, तेज सिरदर्द, पीठ दर्द, मांसपेशियों में दर्द और थकान जैसे लक्षण आते हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

जिला अस्पताल के चर्म रोग विभाग की ओपीडी में दिखाया गया। वहां मंकीपॉक्स संदिग्ध मानकर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज जाने को कहा। मंगलवार को उसे मेडिकल कॉलेज से संबद्ध डॉ. भीमराव आम्बेडकर अस्पताल की ओपीडी में दिखाया गया। यहां शुरुआती जांच के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को रोक लिया। उसे आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया। इसकी जानकारी राज्य स्तरीय सर्विलेंस टीम को दी गई। उसके बाद छात्रावास में रह रहे शेष 19 बच्चों को भी क्वारंटाइन कर दिया गया है। उनकी सेहत पर नजर रखी जा रह है। महामारी के प्रोटोकाल के मुताबिक मरीज और उसके साथ के बच्चों के सैंपल को जांच के लिए नेशनल वॉयरोलाजी लैबोरेट्री भेजा गया है।

## 10 ट्रेनें हुई कैंसिल

जबलपुर रेल मंडल में होगा नॉनइंटरलॉकिंग का काम, सात जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों में लगेंगे एक्स्ट्रा कोच

**बिलासपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल के कछपुरा रेलवे स्टेशन में 28 जुलाई से नॉनइंटरलॉकिंग का काम होगा। इसके चलते 28 और 29 जुलाई को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से होकर चलने वाली 10 गाड़ियों को कैंसिल कर दिया गया है। दूसरी ओर रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों में यात्रियों के बढ़ते दबाव और कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए सात जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों में एक्स्ट्रा कोच लगाने का फैसला लिया है।

### रदद होने वाली गाड़ियां

28 जुलाई 2022 को जबलपुर से छूटने वाली 05703 जबलपुर-नैनपुर स्पेशल रद्द रहेगी।

28 एवं 29 जुलाई 2022 को नैनपुर से छूटने वाली 05704 नैनपुर-जबलपुर स्पेशल रद्द रहेगी।



28 एवं 29 जुलाई को नैनपुर से छूटने वाली 05709 नैनपुर-मंडला फोर्ट स्पेशल रद्द रहेगी।

28 एवं 29 जुलाई को मंडला फोर्ट से छूटने वाली 05710 मंडला फोर्ट- नैनपुर स्पेशल रद्द रहेगी।

28 जुलाई को जबलपुर से छूटने वाली 05705 जबलपुर-नैनपुर स्पेशल रद्द रहेगी।

28 जुलाई को नैनपुर से छूटने वाली 05706 नैनपुर-जबलपुर स्पेशल रद्द रहेगी।

## पुरूष नसबंदी पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ को मिला 3 पुरस्कार

पखवाड़ा के दौरान पुरुष नसबंदी में छत्तीसगढ़ पिछले 3 वर्षों से देश में प्रथम स्थान पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को पुरूष नसबंदी पखवाड़ा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तीन पुरस्कारों से नवाजा है। पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान पिछले तीन वर्षों 2019 से 2021 के बीच नसबंदी में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम स्थान पर है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश को इस उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया। परिवार नियोजन कार्यक्रम



के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर एवं कंसल्टेंट डॉ. रोशन गुप्ता ने छत्तीसगढ़ की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। पुरुष नसबंदी के लिए प्रदेश को दो और श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुआ है। सर्वाधिक पुरुष नसबंदी के लिए डॉ. संजय नवल को राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय पुरस्कार मिला है।

## कांग्रेस सरकार में सिर्फ़ जुमलेबाज़ी - बृजमोहन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर बुधवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वार-पलटवार के साथ चर्चा हुई. बीजेपी विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने सरकार पर आक्रमण करते हुए कहा कि हमारे अविश्वास प्रस्ताव लाने के पहले एक मंत्री ने सरकार के ख़िलाफ़ अविश्वास जता दिया. सरकार में दम नहीं कि उस मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर निकाल दे. इस सरकार में सिर्फ़ जुमलेबाज़ी है.

शासन को प्रशासन पर विश्वास नहीं है. शासन पर जनता को विश्वास नहीं. इस दौरान उन्होंने कहा कि सच कोने में दुबका है,



दरारों से झांक रहा है. झूठ मदमस्त होकर चौराहे पर नाच रहा है. इस पर मंत्री कवासी लखमा ने टोकते हुए कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा चल रही है या कवि सम्मेलन चल रहा है. इस पर सत्तापक्ष के विधायक मोहन मरकाम ने सरकार की उपलब्धि गिनाने के साथ विपक्ष की खामियों को गिनाया. भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि ये कैसी सरकार है? ये सरकार ऐसा कुनबा है जहां लट्ठ चल रहे हैं. एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं. मुख्यमंत्री को मंत्री, मंत्री को मुख्यमंत्री पर विश्वास नहीं है.

अग्रवाल ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रदेश से 18 लाख लोगों की सिर से छत छिन जाती है. इस सरकार का ही मंत्री कहता है कि दस हज़ार करोड़ रुपए ग़रीबों के आवास के चले गए. हर गरीब आदमी का सपना होता है कि उसके सिर एक छत आ जाए. इससे बड़ा कोई पाप हो सकता है. 18 लाख लोगों के सिर से छत छिनने वाली सरकार पर अविश्वास ना जताए तो क्या करें? इस सरकार ने पौने दो लाख करोड़ रुपए का क़र्ज़ा लिया है. पीएसयू अंडरटेकिंग और राज्य शासन मिलाकर क़र्ज़ लिया गया.

मानसून सत्र

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आया अविश्वास प्रस्ताव

## भाजपा विधायक ने विश्व आदिवासी दिवस की छुट्टी को बताया राजनीतिक, बवाल से कार्यवाही रुकी

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार के के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, इस सरकार ने सदन का विश्वास खो दिया है। उन्हें पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।



चर्चा के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने विश्व आदिवासी दिवस के औचित्य पर सवाल खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा, यह राजनीतिक छुट्टी है। इसके बाद सदन में बवाल हो गया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

दरअसल अविश्वास प्रस्ताव के विरोध में बोलते हुए संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे ने विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त का जिक्र कर दिया। उन्होंने कहा, आदिवासी सम्मान से जुड़े इस दिवस को सरकार ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसपर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, विश्व आदिवासी दिवस उन देशों के लिए घोषित किया गया था जहां आदिवासी समुदाय संकटग्रस्त हैं। हमारे देश की इतिहास-परंपरा से इसका कोई लेना-देना नहीं है।

*चंद्राकर ने कहा, यह शुद्ध रूप से राजनीतिक छुट्टी है। इस बयान के बाद कांग्रेस के लगभग सभी आदिवासी विधायक विरोध में खड़े हो गए। उनका कहना था, ऐसा करके अजय चंद्राकर आदिवासी समुदाय का अपमान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इसका विरोध किया। उन्होंने कहा, अजय चंद्राकर की यह भाषा हो गई है। किसी को आइटम गर्ल बोल दिया। किसी को चियरलीडर्स बोल दिया। यह ठीक नहीं है। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सदन की कार्यवाही को 10 मिनट के लिए स्थगित कर दिया।*

बृजमोहन अग्रवाल ने की थी चर्चा की शुरुआत

## ट्रेन की चपेट में आने से रेलकर्मी की मौत

डयूटी पर जाने के लिए रात को घर से निकला था, सुबह टुकड़ों में मिला शव

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में मंगलवार देर रात एक रेलवे कर्मचारी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। रेलवे कर्मचारी रात में ड्यूटी के लिए घर से निकला था। इसके बाद सुबह उसके शव के टुकड़े रेलवे ट्रैक पर बिखरे मिले। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ ही तत्क्षभी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद उनकी पहचान हुई। करीब 17 घंटे बाद शव को रेलवे ट्रैक से हटाया जा सका। हादसा अकलतरा थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक, बिलासपुर के सिरगिट्टी निवासी जुगनू सिंह ठाकुर (50) पुत्र सनी सिंह रेलवे में ट्रैक मेंटेनेंस



का काम करते थे। वह मंगलवार देर शाम करीब 7.30 बजे घर से ड्यूटी के लिए अकलतरा रेलवे स्टेशन जाने के लिए निकले थे। आशंका है कि रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद वह पैदल ही ट्रैक पर चलकर लटिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई होगी। हादसे का बुधवार सुबह स्टेशन मास्टर को पता चला। इसके बाद उन्होंने अकलतरा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन शव को हादसे के बाद 17 घंटे तक नहीं हटाया जा सका। फिलहाल पुलिस अभी तक पंचनामा कार्रवाई में व्यस्त है। शव के कपड़ों से मिले आईडी कार्ड से रेलवे कर्मचारी की पहचान हो सकी है। उनके परिजनों को भी सूचना दे दी गई है।

